तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

12 जनहित योजनाओं के कारण सभी वर्गों में...

12 प्रकाश अवस्थी स्टार नाइट ने दर्शकों को किया ...




**खबर संक्षेप**



## गांजा का अवैध परिवहन, तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का आठ किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 2 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड गुरुघासी दास चौक सांकरा जाकर नाकाबंदी की गई। इसके बाद दो स्कूटी में तीन व्यक्ति आये, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे स्कूटी को पीछे मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ करने पर जुपिटर स्कूटी चालक ने अपना नाम सुनील बाघ पिता महेंदर बाघ (23 साल) ठाकुरदिया थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रूपसिंग सिदार पिता पितरू लाल सिदार (18 साल) कुदारीबाहरा थाना बसना जिला महासमुंद एवं प्लेजर स्कूटी चालक ने अपना नाम तरूण सिदार पिता बालकराम सिदार (20 साल) ठाकुरदिया थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा का रहने वाला बताया। स्कूटी की डिक्कियों को चेक करने पर 08 पैकेट वजन टेप सहित 08.154 किग्रा गांजा मिला। मामले में आरोपियों को 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### आंदोलन: प्रदेशभर के करीब 16 हजार सहकारी कर्मियों ने खेला मोर्चा

# सहकारी कर्मियों की मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन आंदोलन का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी में समितियों को सूखत के प्रतिशत में वृद्धि सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सोमवार को जिले भर

- जिले के साथ रायपुर, धमतरी बलौदाबाजार के कर्मचारियों ने की आवाज बुलंद

की 182 सहकारी समितियों के लगभग 700 सहकारी कर्मियों के साथ 182 समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया। जिला मुख्यालय में इस आंदोलन के दौरान धमतरी, बलौदाबाजार, रायपुर के सहकारी कर्मी भी शामिल हुए।

छतीसगढ़ सहकारी समिति महासंघ रायपुर एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के तकरीबन 16 हजार कर्मियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू धमतरी का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की बात कही है। वही दूसरी ओर समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने धान खरीदी नीतियों को समितियों के लिए नुकसानदायक बताया। संघ ने इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण आदि सभी को ज्ञापन सौंपा, लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं होता देख प्रदेश संघ ने हड़ताल का रास्ता अपनाया।



### रायपुर में अनुमति नही, मुख्यालय में आंदोलन

जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि जिले के तकरीबन 700 कर्मचारियों ने प्रदेश महासंघ के आह्वान का स्वस्फूर्त समर्थन देते हुए हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने आगे बताया कि रायपुर में हड़ताल के लिए जगह नहीं मिलने के कारण महासमुंद में शांतिपूर्ण हड़ताल का आज पहला दिन रहा, जिसमें रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी जिले के भी सहकारी कर्मी शामिल हुए।

सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, लिपिक, सेल्समैन, चपरासी, चौकीदार, डाटा एंट्री ऑपरेटर आपरेटर के हड़ताल में शामिल होने के चलते समितियों में पूरी तरह तालेबंदी है, जिससे सहकारी उचित मूल्य की दुकानें, सहकारी समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम में रुपयों का लेन देन, धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियां आदि प्रभावित हुई।

## सहकारी समिति कर्मचारियों की सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण करें सरकार: विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जा रही आंदोलन को जायज ठहराते हुए सरकार से शीघ्र कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन से धान खरीदी प्रभावित हो सकती है, समय रहते सरकार को इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर तत्काल उनकी सभी मांगों को पूर्ण किया जाना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि वेतन, पदोन्नति और नियमितीकरण, सूखत (सूखने के कारण होने वाला नुकसान) के प्रावधान, 'शून्य शॉर्टेज' (धान की कमी न होने पर) पर प्रोत्साहन राशि और प्रबंधकीय अनुदान जैसे कई मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं, जो जायज भी है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय सहकारी समितियों को जीरो शार्टेज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। लेकिन, 2 साल के कार्यकाल में भाजपा ने सहकारी समितियों को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया। धान खरीदी जैसे प्रमुख कार्य को सुचारू रूप से संचालन करने अपनी महती जिम्मेदारी निभा रहे समिति कर्मचारियों की मांगों पर सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है।

# गोमांस परोसने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिवाली के मौके पर पार्सल भेजकर हिंदू परिवारों को गोमांस खिलाने के मामले में बागबाहरा थाने में एक आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

बागबाहरा पुलिस ने बताया कि 02 नवंबर को प्रार्थी रूपेश साहू, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर द्वारा हमराह राजू चंद्राकर, प्रकाश पटेल, हरीश जगत, विनोद यादव, शुभम अग्रवाल, मुकेश चंद्राकर, भगवान दास साहू एवं अमन अग्रवाल के साथ थाना बागबाहरा उपस्थित आकर ग्राम मुनगासेर में घटित घटना के संबंध में इफ्तियार खान निवासी मुनगासेर थाना बागबाहरा के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अवलोकन के बाद आरोपी के विरूद्ध धारा 299, 325 बीएनएस, धारा 4, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम का अपराध घटित होना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




बागबाहरा पुलिस ने बताया कि प्रार्थियों द्वारा दिए गए आवेदन में ग्राम मुनगासेर मे सत्यसनातन धर्म के पावन पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर इफ्तियार खान एवं उसके संबंधियों द्वारा गौ हत्या कर हिंदू परिवारों को गौमांस खिलाने का आरोप लगाया गया है। घटनाक्रम को लेकर आवेदन में बताया गया है कि 19 अक्टूबर धनतेरस के दूसरे दिन सुबह-सुबह इफ्तियार खान कुछ लोगों के साथ घर के पीछे एक पलास वृक्ष के नीचे गौ मांस काट रहे थे, जिसे रूपेश साहू लक्ष्मीपुर निवासी ने देखा, लेकिन डरकर किसी को नहीं बताया इसके बाद हिंदू परिवारों को इफ्तियार खान द्वारा अपने घर पर कथा पूजा होने व दावत में आने का निमंत्रण दिया गया था। भोजन करने उसके बेटे इरफान खान द्वारा फोन कर सबको बुलाया गया। और अपने साथियों को दावत कराया। इस दौरान जब मनीष सेन पिता हेमलाल सेन, शंकर बरिहा पिता निरंजन, रोहन पोल पिता लीलाराम पटेल, लोकेश ठाकुर पिता भंवरसिंग, खिलेश पिता पुरानिक जगत और कुछ परिवार जो दावत में नहीं आये, उनके घर सब्जी पार्सल भेजा गया, जिसमें रामबाई विश्वकर्मा पति टेनूराम, तोषण बाई पति जगेश्वर धीवर प्रमुख हैं।

इसके बाद 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के दिन प्रातः मार्निंग वॉक में गये रेखराज साहू, चूड़ामणि साहू मुनगासेर द्वारा गाय कटा सिर इफ्तियार खान के घर के सामने बीच सड़क पाया गया, जिसका फोटो खींच कर दुर्घटना न हो करके लकड़ी के सहारे सड़क किनारे किया गया और गांव के कुछ लोगों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने पर 1 घंटे बाद ही कटे सिर को आसपास खोजा गया परंतु कहीं नहीं मिला। जिससे शंका बढ़ती गई। इसी दिन संध्या गोवर्धन पूजा पश्चात ग्राम पंचायत मुनगासेर, खड़ादरहा के सरपंच पंच गण एवं ग्राम प्रमुखों द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्णय लिया गया।

रिपोर्ट पश्चात फोरेंसिक टीम एवं पशु चिकित्सक ग्रामीणों की उपस्थिति में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी के घर के पास धान की खड़ी फसल के बीच गौ माता की अस्थियां खून से लगी कीड़ायुक्त प्राप्त हुई। मामले को लेकर मिले आवेदन के बाद बागबाहरा थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 299, 325 बीएनएस, धारा 4, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



**खबर संक्षेप**

### दो लोगों के बीच मारपीट काउंटर रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम खेड़ीगांव में दो लोगों के बीच हुई मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस को अनूप बंजारा ने बताया कि वह ग्राम लिलेसर का रहने वाला है। उसका पैतृक गांव खेड़ीगांव है, जहां परिवार वाले रहते है। 1 नवंबर को देवउठनी पर्व होने पर वह ग्राम लिलेसर से पैतृक गांव खेड़ीगांव पैतृक मकान होने के चलते दीया जलाने गया था। चौक में कुछ सामान लेने के बाद अपने भाई गुल्लुं बंजारा के घर जा रहा था। रात करीबन 8 बजे गांव के मोहन नायक ने उसे देखकर कहा कि तुम्हारा कोई जमीन घर नहीं है, दीया जलाने के लिये आया है गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। दूसरी ओर प्रार्थी मोहन नायक ने पुलिस को बताया कि अनूप बंजारा पारिवारिक बड़ा भाई लगता है। उन दोनों का घर आपस में लगा हुआ है और जमीन संबंधी विवाद पूर्व से चल रहा है। 1 नवंबर की रात्रि करीबन 8 बजे वह अपने घर से निकलकर संतोष यादव चौंरा के पास बैठा था, उसी समय अनूप बंजारा आया और तुम अपने मकान को मेरे जमीन तरफ बढ़ाकर बना रहे हो कहकर विवाद कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कांग्रेस का घर घर हस्ताक्षर अभियान

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत करते हुए क्रमांक 10 की पार्षद मनदीप कौर ढिंडसा वार्ड ने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनता की आवाज है। जो ताकतें जनादेश का अपमान करती हैं, वे लोकतंत्र के अपराधी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन जनता के विश्वास की रक्षा के लिए है, ताकि जनादेश को नकारने की राजनीति का अंत हो। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर कराए और उन्हें अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया।

### अज्ञात कारण से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत भैसाकन्हार निवासी 52 वर्षीय राधुराम कुंजाम का स्वास्थ्य खराब होने से धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। स्वास्थ्य अचानक अत्याधिक खराब हो जाने से उसका 1 अक्टूबर को मौत हो गया। मर्ग डायरी अंतागढ़ थाना में लाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा 9 को होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आगामी 09 नवम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 498 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**उत्सव : सांसद रूपकुमारी चौधरी ने जिला स्तरीय राज्योत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारंभ**

# जनहित योजनाओं के कारण सभी वर्गों में दिखाई दे रहा उत्साह : सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ एवं रजत जयंती महोत्सव पर जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय के सुशासन में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जनहित योजनाओं के कारण सभी वर्गों में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रदेश सरकार हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की परिकल्पना को साकार करने में लगी है। सांसद चौधरी ने कहा कि मोदी गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है। आने वाले समय में अन्य और योजनाओं को पूरा करेंगे। इसी माह के 15 तारीख को धान खरीदी की शुरुआत की जाएगी। सरकार सड़क, आवास, स्कूल, पंचायत और अन्य अधोसरंचना का विकास कर रही है।




**मुडियाडीह दल के पंथी नृत्य की हुई प्रस्तुति**

राज्योत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंथी दल मुडियाडीह द्वारा पंथी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिला। इसके अलावा स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया तथा लोकनृत्य की प्रस्तुतियां मनमोहक रही। इसी तरह आकर्षक योग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य आकर्षण लोक प्रयाग राजीव कला मंच का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। राज्योत्सव में अन्य जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, आम जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सभी को इस प्रगति में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। चंद्रहास चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में निरंतर विकास की पथ पर अग्रसर हो रहा है।

इस अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, येतराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका महासमुंद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**विकास के कई आयाम तय किए : लंगेह**



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राज्योत्सव के अवसर पर कहा कि जिले ने विभिन्न निर्माण कार्यों एवं विकास के कई आयाम तय किए है और विकास की उंचाईयों को छुआ है। उन्होंने बताया कि जिले में 1.23 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। वहीं 3.26 लाख हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह लाभान्वित किया जा रहा है। 98,406 हितग्राही पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम-जनमन के तहत 3314 परिवारों को लाभ मिला है।



## प्रकाश अवस्थी स्टार नाइट ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ी लोक कला और संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कला मंच, लोक कलाकारों एवं राज्य के सुप्रसिद्ध कलाकारों का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार प्रकाश अवस्थी स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण रहा। प्रसिद्ध कलाकार प्रकाश अवस्थी की लाइव प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने आमा पान के पतरी, मोर छईया भुईया, मया और टूरा रिक्शा वाला फिल्म के चुनिंदा और लोकप्रिय गीतों को अपनी सुमधुर आवाज की जादू से समा बांधा। दर्शक गीतों और प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाते हुए झूम उठे। आयोजन स्थल पर दर्शकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने देर रात तक आनंद लिया। इसके अलावा स्थानीय कार्यक्रमों में पंथी दल मुडियाडीह द्वारा पारंपरिक पंथी नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की समृद्ध विरासत को उजागर किया। इसी तरह स्कूल, कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं अन्य दलों द्वारा प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की झलक प्रस्तुत करते हुए लोकनृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिनका दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। सांस्कृतिक संध्या में आकर्षक योग नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तत्पश्चात लोक प्रयाग राजीव कला मंच द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें लोकगीत और नृत्य का सुंदर संगम देखने को मिला। राज्योत्सव के शुभारंभ दिवस ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और जनमानस के उत्साह को शानदार रूप से प्रदर्शित किया।

**अंतिम दिवस आज होंगे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम**

04 अक्टूबर को समापन दिवस पर शाम 4 से शाम 4:30 बजे तक फुलझरिया कर्मा पार्टी बिलखंड द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 4:30 से 7 बजे तक विभिन्न लोक नृत्य समूह अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। शाम 7:30 से 7:45 बजे तक कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति होगी। इसके बाद 7:30 से 9 बजे तक श्रद्धा के फूल लोक कला मंच दर्शकों का मनोरंजन करेगा। मुख्य समापन कार्यक्रम 9 से 10 बजे तक रहेगा, जिसमें बॉलीवुड बैंड टीम अपनी शानदार प्रस्तुति देगी।

## ओलावृष्टि की राशि शीघ्र आएगी : अंकित

**70 ग्रामों के क्षतिग्रस्त फसलों के किसानों को मिलेगा लगभग 4 करोड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बागबाहरा तहसील अंतर्गत रबी की धान फसल के समय लगातार ओला वृष्टि और असमय तूफान बारिश से किसानों को बहुत नुकसान हुआ था। इस बाबत मैंने लगातार ग्रामों का सघन दौरा कर किसानों को अपने पटवारी व सचिव से जानकारी दे मुआवजा प्रकरण बनवाने कहा था। साथ ही बागबाहरा एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा था।

अंकित ने बताया कि लगातार प्रशासनिक स्तर पर बातचीत करने और ग्रामीणों और पटवारियों से बात कर प्रकरण बने और लगभग चार करोड़ से ज्यादा की मांग बागबाहरा विकास खंड के लिए की गई। इसी परिपेक्ष में जब दूसरे सीजन की फसल पक गई है और कटाई होकर बिकने आने को है, तब भी रबी फसल के नुकसानी का पैसा आज दिनांक तक किसानों को नहीं मिला है। अंकित ने बताया कि आज दिनांक तक खरीफ की फसल में पहले बिजली, फिर खाद और अब बारिश के चलते फसल में बहुत नुकसान हुआ है और कई किस्म की बीमारियों से किसान जूझ रहा है और तो और भाजपा सरकार के राज में फसलों को आज दिनंक तक कोई देखने नहीं आया है।



अंकित ने बताया कि लगातार किसान ये जानने को आतुर है कि कब तक ओला वृष्टि की राशि उनको मिल पाएगी, इसी कड़ी में लगातार पत्राचार और सूचना का अधिकार लगाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में लगभग दो करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है, जो कि शीघ्र ही फसल क्षति हुई फसलों के किसानों को मिलेगी। अंकित ने बताया कि प्राप्त जानकारी अनुसार बागबाहरा तहसील के लगभग 70 ग्रामों के किसानों जिनकी की फसल ओला वृष्टि से खराब हुई थी और समय पर उन्होंने अपना मुआवजा प्रकरण बनवाया था, उन्हें ओला वृष्टि से नुकसान का मुआवजा मिलेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त ग्रामों का नाम कस्तूरबोड, धामनतोरी, दावनबोढ, सुखरीडबरी, दाबपाली, टूरीझर, अनवरपुर, सिर्रीपथारीमुडा, सुनसुनिया, दारगांव, लमकेनी, सोनदादर, आमगांव, तिलाईदादर, लालपुर, नवागांव कला, तेंदुलोथा, कोलदा, खल्लारी, कन्हारपुरी, हाथीगढ़, गबौद, खुसरुपाली, चुरकी, तरपोंगी, ओंकारबंद, बोईरगांव, रैताल, अवराडबरी, बागबाहराकला, बागबाहरा खुर्द, फुलवारी खुर्द, फुलवारी कला, बिहाझर, चरौदा, कौसरा, खोपली, पड़कीपाली, मनवाय, भालूचुवा, भानपुर, तेंदूलोथाखुर्द, घुंचापाली, हरनादादर, जुनवानी कला, बरबसपुर, मोहगांव, गाड़ाघाट, बोहारडीह, पतेरापाली, कोमा, आमानारा, अमुर्दा, कसहीबहरा, कमरौद के साथ साथ कोमाखान तहसील अंतर्गत भिलाईदादर, मोखा, चिखली, भालूचुंवा, मातगुड़ा, टेढ़ीनारा, खाड़ादरहा, घोइनाबाहरा, ख़ैरटखुर्द, गांजर, भदरसी, कोसमर्रा, गुलझर, भोथा, टेंगराही को नुकसानी की राशि मिलने वाली है।अंकित ने भाजपा शासन प्रशासन से अपील की है कि जितना जल्दी हो सके, किसानों को उनके हक अधिकार की राशि उपलब्ध करवाई जाए। क्योंकि, वो रबी फसल और अब खरीफ में भी नुकसान को लगातार झेल रहा है, उनकी दिवाली भी इस बार फीकी रही और अबकी बार धान खरीदी की शुरुआत भी सरकार जान बूझकर 17 से करेगी, क्योंकि, 15 और 16 शनिवार, रविवार है।

## अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान की तैयारी शुरू

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति ने शहर की जीवन रेखा, सितली नाला को पुनर्जीवित करने के अपने महत्वाकांक्षी अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान के क्रियान्वयन की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। समिति के सदस्यों ने इंजीनियर बीआर साहू के तकनीकी मार्गदर्शन के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के सक्रिय सहयोग में सितली नाला पर बने डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से बंद पड़े डैम को खोलकर उसके जल प्रवाह को सुचारू करना था। टीम ने डैम के फाटकों में फंसे हुए मलबे और गाद को हटाने का प्रयास किया, जो डैम के संचालन में बाधा डाल रहे थे।

समिति ने घोषणा की है कि जल्द ही अविरल सितली निर्मल सितली अभियान के तहत भूमि पूजन कर इस पुनीत कार्य का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान की समग्र रूपरेखा तैयार करने और इसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 12 नवंबर 2025 बुधवार शाम 4 बजे स्वाध्याय केंद्र सभागार में किया गया



है। इस बैठक में शहर के सभी वर्गों को आमंत्रित किया जाएगा तथा अभियान की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा और आगे आने वाले सभी कार्यों के क्रियान्वयन के लिए आम सहमति बनायी जाएगी। ताकि, अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

स्वाध्याय केंद्र समिति के सदस्यों ने महासमुंद शहर के समस्त नागरिकों से इस पुनीत और महत्वपूर्ण कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने का विनम्र आग्रह किया है। उनका मानना है कि सितली नाला को उसका मूल स्वरूप लौटाने का यह कार्य केवल सरकारी या समिति का नहीं, बल्कि पूरे शहर का सामूहिक दायित्व है। समिति सदस्यों ने कहा, सितली नाला को अविरल और निर्मल बनाने का यह प्रयास तभी सफल होगा जब महासमुंद का हर नागरिक इसमें अपना सहयोग देगा। हम सभी शहरवासियों से आग्रह करते हैं कि 12 नवंबर की बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार दें और इस अभियान का हिस्सा बनें। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर बीआर साहू, समिति के सचिव मोहन साहू, सदस्य पवन साहू आदि मौजूद रहे।

## 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता नहीं दिए जाने से पेशनरों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन का दीवाली मिलन समारोह एवं मासिक बैठक 02 नवंबर को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में हुआ। सर्वप्रथम दिवाली त्यौहार के उपलक्ष में लक्ष्मी माता, सरस्वती, गणेश के छायाचित्रों की स्थापना कर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, चंद्रबदन मिश्रा, सचिव शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, संगठन मंत्री चमन लाल साहू, भूषण लाल भोसले, सहसचिव राधेश्याम दुबे, कार्यकारणी सदस्य नेहरू साहू, वरिष्ठ सदस्य आरके श्रीवास्तव, लक्ष्मीनारायण शर्मा, बोधन लाल साहू आदि ने भगत साहू के मार्गदर्शन में पूजन अर्चन किया गया।

इसी क्रम में भगत साहू द्वारा मंत्र, श्लोक उच्चारण करते हुए पूजन कराने के उपरांत प्रासंगिक अध्यात्मिक तथ्यों से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आरके श्रीवास्तव ने देवउठनी एकादशी के संबंध में पुरानों में वर्णित उद्धरणों को प्रस्तुत करते हुए अनेक त्यौहारों की तिथि दो-दो बार होने के कारणों का गणितीय एवं खगोलीय व्याख्या करते हुए सदस्यों की शंकाओं का समाधान पूर्ण तर्क प्रस्तुत किया। इसके पूर्व पेंशनर्स एसोसिएन के प्रमुख सदस्य निर्मल निषाद जल संसाधन विभाग एवं संगठन से जुड़े सदस्यगणों के परिजनों के यथा भारती चंद्रकार पति ओमप्रकाश चंद्रकार, फेंकन बाई पति सुनहर वन विभाग के दुखद निधन पर दो मिनट मौन रखकर स्वर्गीय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पश्चात संगठन के नए सदस्यों क्रमशः जगदीश साहू व्याख्याता, मो इब्राहिम खान प्रधान पाठक, लक्ष्मी नारायण शर्मा, असिस्टेंट आफिसर, राम किशन साहू, आंतरिक करारोपण लेखा अधिकारी, पंचायत विभाग



का संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रीफल भेंटकर गुलाल लगाकर स्वागत किया। नये सदस्यों ने अपना परिचय देते हुए संक्षिप्त उद्बोधन में संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने तथा सौंपे गए दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन करने का संकल्प लिया।

**10 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि नहीं जोड़ने पर रोष**

इसी क्रम में संगठन के जागरूक एवं सक्रिय सदस्य लक्ष्मी नारायण शर्मा ने विभिन्न राज्यों के न्यायाल्यीन निर्णयों का संदर्भ देते हुए 80 वर्ष उम्र में पहंचने वाले पेंशनरों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि उनके पेंशन में नहीं जोड़ने पर खेद व्यक्त कर ऐसे सभी पेंशनरों के हित की लड़ाई लड़ने का आव्हान संगठन से किया। 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पेशनरों को अभी तक नहीं दिये जाने पर आक्रोश व्यक्त कर संगठन के माध्यम से लड़ाई लड़ने का प्रस्ताव दिया। लगभग 80 माह के डीए का एरियर्स शासन द्वारा नहीं दिए जाने पर सभी सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया।

**पेंशनर सदस्यों को एकजुट रहने किया आह्वान**

संबोधन क्रम में उपाध्यक्ष चन्द्रबदन मिश्रा ने संगठनिक गतिविधि पर प्रकाश डालते हुए सभी पेंशनरों को एकजुट रहकर अपनी समस्याओं के लिए संघर्षशील रहने की अपील की। इसी क्रम में रामकुमार साहू ने संगठन के कार्यो का विवरण दिया। आगामी जिला स्तरीय बैठक महासमुंद में आयोजन करने के लिए सभी से सहयोग मांगा एवं पेंशनर भवन की मांग को प्रशासन स्तर पर उचित निराकरण नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त कर सभी पदाधिकारियों को सक्रिय रहकर कार्य करने का अनुरोध किया। तत्पश्चात संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने सभा को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार एवं नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सभी को प्रतिबद्ध रहने की अपील की। बैठक में उपस्थित लगभग 20 पेंशनरों ने संगठन के गतिविधि संचालन के लिए सहर्ष यथानुसार सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन सचिव शिवकुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में टीपी वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, एनके शर्मा, शिवनंदन भोसले, राजेंद्र परिहार, पुरुषोत्तम चंद्राकर, रमेश गुप्ता, चोवाराम साहू, यशवंत साहू, रूपचंद वर्मा, संतूराम साहू, मेघनाथ साहू, जीवन लाल कुलदीप, बोध लाल साहू, मुरली पटेल, जीवन नेताम, रतन साहू, भागवत साहू, नर्मदा बाई, रामबाई, जगेश्वरी बाई, बृजबाई, सुभाषनंद, अर्जुन साहू, रामकिशन साहू, राधेश्याम चंद्राकर, तिलचंद्र यादव, भुनेश्वर विश्वकर्मा, पुनउराम, सतानंद यादव, ज्वाला इंगले आदि मौजूद रहे।

## छग सतनामी मुक्ति केंद्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम सुनसुनिया (बागबाहरा) के सतनाम भवन में प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार डीढी के आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में शामिल नवनिर्वाचित पदाधिकारी सचिन गायकवाड़ अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद, ब्लाक बागबाहरा के अध्यक्ष कुमार ढीढी एवं अन्य पदाधिकारी, परिक्षेत्र फिरंगी अध्यक्ष किशुन घृतलहरे एवं अन्य पदाधिकारी, परिक्षेत्र सुवरमाल कार्यवाहक अध्यक्ष एवन कुर्रे एवं अन्य पदाधिकारी, परिक्षेत्र सुनसुनिया के युवराज मन्नाडे, प्रीतम एवं अन्य पदाधिकारी, महासमुंद नगर महिला प्रकोष्ठ मैना कोसले आदि को प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढीढी ने शपथ दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ढीढी अपने उद्बोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को संस्था के नियमों के अनुसार कार्य करने की सीख दी। वहीं सभी वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में सामाजिक संगठनात्मक एवं हक और अपने अधिकार के लिए सजग रहने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन पुरानिक लाल निराला ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक बागबाहरा के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नीतू रानी बांधे, जिला सचिव श्याम लाल मन्नाडे, जिला उपाध्यक्ष हीरा जोगी, बलराम कोसरिया, दयानंद व्यवहार, जिला कार्यकारिणी गुलाब साय, केशव कोसरे, देवकुमार टंडन, सुभाष बंजारे, कामता पुरेना, हेमनाथ, सुघनंदन देशकर, ललित नारंग, हेमंत खांडे, द्वारिका कुर्रे, महेश, शिवचरण, चैतूराम, कल्लू दास, लखनलाल, ओमकार, गंगाराम, प्रेमलाल, तिलक, उत्तम कुमार, परशुराम, नंदकुमार, हिरऊ आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## अछरीडीह में मारपीट

**महासमुंद।** एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को आशुतोष सोनवानी निवासी नयापारा अंछरीडीह ने बताया कि एक नवंबर की शाम को वह अपने बडे पिताजी के घर के पास खडा था, उसी समय गांव के गैंदराम पुरैना और उसका बड़ा भाई अश्वनी पुरैना पुरानी बात को लेकर गाली गलौच कर रहे थे, जिसे उसकी बड़ी मां बुगाला सोनवानी द्वारा मना किया गया, जिस पर वे लोग वहां से चले गए और कुछ देर बाद दोनों अपने हाथ में राड लेकर वापस आये, जिसे प्रार्थी द्वारा तुम लोग यहां राड लेकर क्यों आये हो कहने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में

**आयोजनः** निकाली गई भव्य शोभायात्रा, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

# भिथीडीह में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर हुआ प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

वीरता और बलिदान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती एवं प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन ग्राम भिथीडीह में बड़े ही धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बसना विधायक सम्पत अग्रवाल के साथ विशिष्ट एवं विशेष अतिथियों ने विधिवत वीरांगना रानी दुर्गावती की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने जीवनगाथा पर विचार रखते नमन किया।

इस अवसर यहां विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोगों ने आनंद भी लिया। शुभारंभ ईष्ट देवी-देवता पूजन-अर्चना से किया गया। इसके अलावा भव्य शोभायात्रा भी नगर में निकाली गई। इसमें माही धुमाल ग्रुप रायपुर और होलेश डीजे बागबाहरा की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों ने जनसमूह में उत्साह का संचार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौर में प्रयास म्यूजिकल ग्रुप बागबाहरा एवं विद्यालयीन बच्चों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकप्रिय गायक सुनील सोनी, युवा गायिका आरु साहू, प्रयास म्यूजिकल ग्रुप बागबाहरा, कॉमेडी किंग घेवर यादव एवं भोला साहू (दुर्ग) के शानदार प्रस्तुतियाँ ने जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों



का सम्मान भी किया गया। रात्रिकालीन आयोजन में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 2025 कार्यक्रम का भी छटा बिखरा रहा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन स्थल को तालियों से गुंजायमान कर दिया।

आयोजन समिति ने बताया कि यह समारोह नारी शक्ति, संस्कृति और एकता का ऐतिहासिक एवं अद्भुत प्रतीक बन गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, विद्यार्थी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता ग्रुप डांस में एचबाय रायपुर प्रथम विजेता रहे। साथ ही क्रमशः आरएन संम्हर द्वितीय, एलडीएस रायपुर तृतीय, हमर छत्तीसगढ़ साजापाली चतुर्थ, स्वारागिनी डांस ग्रुप रतनपुर पंचम, आर्यन डांस ग्रुप धरसीवा कुंरा षष्टम, पुष्पांजलि डांस ग्रुप आमानारा ओड़िशा सप्तम, बी टाउन गर्ल्स भवरपुर बसना अष्टम, टाइगर ब्वायश बुंदेली नवम, मन के मीत कसडोल खर्री दशम, सरगम डांस ग्रुप छुरा एकादशम विंध्यवासिनी डांस ग्रुप दादरगांव ओड़िसा द्वादशम, ब्लैक पैंथर बसना त्रयोदशम, सन साइन खैरट कला चतुर्दशम एवं आम्रपाली डांस ग्रुप कोरबा पंचदशम विजेता रहे। युगल डांस में पवन-हिना रायपुर प्रथम, चुरकी-मुरकी पिथौरा द्वितीय, आकाश भुवन भिलाई तृतीय, टाइटल बिलासपुर चतुर्थ से दशम स्थान तक पुरस्कार दिया गया। इस तरह एकल डांस में जीवन साहू सिंघनपुर प्रथम, जैनी यादव बिलासपुर द्वितीय, मन देवांगन रायपुर तृतीय, आस्था सोना चतुर्थ के साथ ही सभी एकल विजेताओं को पुरस्कृत कर दसवां स्थान तक सम्मानित किया गया। इसमें कुल 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर अतिथि स्वागत-सत्कार के साथ ही विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

# डबल इंजन की रफ्तार से विकास के दावों को मुंह चिढ़ा रहीं बदहाल सड़कें: द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार डबल इंजन की रफ्तार से विकास के दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर बदहाल सड़कों की हकीकत इन दावों को मुंह चिढ़ा रही है। सरकार की उदासीनता के चलते ही क्षेत्र की सड़कों में गड्ढा ही गड्ढा नजर आ रहा है। शहर की बदहाल सड़कों की स्थिति से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इधर, उन्होंने एनएच के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर सड़कों की मरम्मत कराने ध्यानाकर्षित कराया है। जल्द ही मरम्मत नहीं होने की स्थिति पर जनता के साथ मिलकर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।



खल्लारी विधायक यादव ने बागबाहरा की खस्ताहाल टूटी-फूटी, गड्ढों युक्त सड़कों के लिए मरम्मत करने में डबल इंजन सरकार को असफल बताते हुए कहा कि जनता खस्ताहाल टूटी-फूटी गड्ढा युक्त सड़कों से परेशान है। डबल इंजन की सरकार नई सड़क तो बना नही पा रही और पूर्व से बनी सड़कों की मरम्मत करने की वित्तीय स्थिति नजर नहीं आ रही है। सड़कों के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे है दुर्घटना का कारण बन रही है। क्या यही सुशासन है? विधायक यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा शहर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में कई जगहों पर जानलेवा गढ्ढे से किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से नए सड़कों का निर्माण तो दूर रखरखाव और मरम्मत का काम तक यह सरकार नहीं कर पा रही है। सड़कों के किनारे केवल भाजपा नेताओं के प्रचार का काम हो रहा है। इसके अलावा और कोई काम भाजपा की डबल इंजन सरकार के पीडब्लूडी और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग नहीं कर पा रही है। विधायक यादव ने बागबाहरा शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए एनएच के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर ध्यानाकर्षित कराया है। सड़कों की मरम्मत नहीं होने की स्थिति में जनता के साथ मिलकर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

# वनांचल के युवा मिट्टी के मैदानों पर खेल रहे पारंपरिक कबड्डी : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायत हाथीबाहरा के आश्रित ग्राम बिछलादादर में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलाराम ठाकुर जनपद सदस्य हाथीबाहरा ने की। इस अवसर पर गौतम नेताम (सरपंच बोकरामुड़ा खुर्द), मुकेश ठाकुर (सरपंच प्रतिनिधि टेका), हीरा साहू (युवा मोर्चा महामंत्री खल्लारी), बिसनाथ बरिहा, नेमीचंद, परिहार ठाकुर, दुलार ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



अपने उद्बोधन में भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि आज प्रो कबड्डी के जमाने में भी हमारे वनांचल क्षेत्र के युवा मिट्टी के मैदानों पर पारंपरिक कबड्डी खेल रहे हैं, यह गौरव की बात है। बीते 40-50 वर्षों से इस खेल को संजोए रखना हमारे ग्रामीण समाज की खेल भावना को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि अच्छा और शिक्षित समाज तभी बन सकता है, जब हर बच्चा शिक्षा से जुड़ा हो। बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश अब साकार हो चुका है। अब समय है बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ पर भी ध्यान देने का। ताकि, युवा वर्ग नशे से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान दे सके। ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को शानदार खेल प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुण कहा कि कबड्डी खेल बुद्धि, एकाग्रता और विकास का प्रतीक है। इसे खेल भावना से खेलना चाहिए।

# ग्रामीण युवाओं को प्रतिभा दिखाने का स्वर्णिम अवसर : सरला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम मोहदा के शासकीय हाईस्कूल परिसर में जोर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुई। इस सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ हुआ। यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने खिलाड़ी आज अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण अंचल के बच्चें किसी भी मायने में पीछे नही रहेंगे और शासन से प्राप्त साधन सुविधा का सदुपयोग कर अपने अंदर छुपे प्रतिभा को उच्च सोपान तक ले जाएंगे।

सरला कोसरिया ने आगे कहा कि अगर ग्रामीण बच्चों को सही मायने में उचित प्लेटफार्म मिले तो ये अपनी प्रतिभा के बल पर जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकते है, इसलिए देश के प्रधानमंत्री ने सम्पूर्ण भारत में संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का शानदार आगाज किया है। खेल जीवन से ही धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता और सहयोग की भावना विकसित होने के साथ साथ संगठन शक्ति और एकता की भावना परिलक्षित होती है, जो सदैव हमारे जीवन के हर क्षण और हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होता है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक रखता है। खिलाड़ी के जीवन में हार जीत खेल का हिस्सा होता है। परंतु, जो खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलता है, सच्ची मायने में वह सच्चा खिलाड़ी और विजेता है। सरला ने खेल मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों और स्कूली छात्र छात्रों को नशे से दूर रहने और अपने लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को पाने के लिए कठिन परिश्रम करने की सलाह दिया। साथ ये भी कहा कि शिक्षक और माता पिता हमारे सबसे अच्छे दोस्त है, हमारे साथ घटित अच्छे बुरे को तुरंत बताने के लिए कहा। जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ियों ने खेल में हिस्सा लेकर फिटनेस और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। अंत में इस तरह के ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस खेल आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, जिला पंचायत सदस्यद्वय लोकनाथ बारी, कुमारी भास्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दंडधर साव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लालकुमार पटेल, उद्धव नंद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल और शिक्षकगण, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं और भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एकादश कुंडीय गणेश महायज्ञ में रोज पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र का एक ऐसा गांव अंसुला जोंक नदी के किनारे बसा हुआ है। विगत चार महीने से बाबा सियाराम दास महाराज धुनी रमाए बैठे हुए हैं। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को पता चलते ही बाबा के दर्शन के लिए निरंतर आने का सिलसिला जारी है। धर्म के प्रति आस्था रखने वाले हिंदूवादी नेता डॉ संपत अग्रवाल विधायक बसना ने भी लगातार अंसुला ग्राम जाकर महाराज के दर्शन एवं आशिर्वाद का लाभ ले रहे हैं। विगत 01 नवंबर से 05 नवंबर तक पांच दिवसीय श्री श्री 108 एकादश कुंडीय गणेश महायज्ञ का आयोजन किया गया है। देश के हरिद्वार, वाराणसी, प्रयागराज सहित



विभिन्न स्थानों से पधारे साधु संतों का क्षेत्रीय जनता आकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। बाबा सियाराम महाराज एवं हरिद्वार से पधारे सत्यानंद महाराज, स्वामी दीपका नंद महाराज ने हिंदू धर्म और महायज्ञ के संबंध में अपने विचारों को व्यक्त किया। वहीं क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने भी बाबा सियाराम महाराज के आगमन और उनके साधना के संबंध में अपने विचारों को रखा। इस महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ के लिए पहुंच रहे हैं।

## मुतवल्ली चुनाव में तीन प्रत्याशी, 9 को होगा मतदान

**सरायपाली।** मुस्लिम समाज के मुतवल्ली चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड को सूचना दिए जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन वापसी के बाद एक नामांकन रद्द होने के बाद चुनाव में 3 प्रत्याशी रह गए हैं। मुस्लिम जमात के चुनाव समिति सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार यह चुनाव छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के मार्गदर्शिका 2022 के अनुसार 9 नवंबर को मस्जिद की पार्किंग में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव समिति मुस्लिम जमात ने बताया कि चुनाव की हर कार्यवाही की सूचना छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड को दी जा रही है। जिला प्रशासन और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को दे दी गई है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर तक थी एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर थी। नामंकन फार्म जमा करने वालो में अब्दुल नईम लखानी पिता अब्दुल अजीज, मोहम्मद अनीस साहिब पिता मोहम्मद युसूफ साहिब, मोहम्मद जमील पिता मोहम्मद अमीर तथा आबिद हुसैन पिता अहमद हुसैन ने अपना फार्म जमा किया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के मार्गदर्शिका 2022 का पालन करते हुए अब्दुल नईम लखानी, मोहम्मद अनीस साहिब मोहम्मद जमील पात्र पाए गए एवं आबिद हुसैन का फार्म निरस्त हो जाने के कारण अब 3 प्रत्याशियों के बीच चुनाव होगा।



### भगवान शालिग्राम व माता तुलसी का हुआ परिणयोत्सव

**महासमुंद।** स्थानीय पुरानी बस्ती कुर्मीपारा में भगवान शालिग्राम व माता तुलसी का परिणय उत्सव कार्यक्रम हुआ। गृह प्रवेश के अवसर पर इंद्रकुमार चंद्राकर, देवेंद्र कुमार चंद्राकर परिवार ने तीन दिवसीय यह आयोजन किया था। प्रथम दिवस 1 नवंबर को तेलमाटी चुलमाटी, 2 को मंडपाच्छादन, वेदीपूजा, हरिद्रा लेपन के साथ ही श्रीराम मंदिर से ठाकुर की बारात निकली, जो निवास स्थान पहुंचने पर द्वारचार के साथ बारात का रात्रि विश्राम हुआ। 3 नवंबर को दोपहर 12 बजे ठाकुर और माता तुलसी का पाणिग्रहण हुआ। उल्लास और भक्तिमय इस आयोजन में परिजनों के अलावा ईष्ट मित्र भी सहभागी बने। आचार्य पं. पंकज तिवारी ने वैदिक विधान से सानंदपूर्वक परिणयोत्सव कराया। चारों धाम भागवत आयोजन समिति के सदस्य मार्कंडेय चंद्राकर, बाबूलाल साहू, मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक ने देवेंद्र चंद्राकर का श्रीफल, गमछा, पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया।

### नरतोरा में सुआ नृत्य प्रतियोगिता आज

**झलप।** जय भवानी युवा समिति के तत्वावधान में ग्राम नरतोरा में पारंपरिक लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 नवंबर को ग्राम नरतोरा के स्कूल मैदान में आयोजित होगा।

कार्तिक पूर्णिमा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों की नृत्य दल अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईश्वर पटेल होंगे। विशिष्ट अतिथि खेमराज पटेल, अध्यक्षता जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन करेंगी। इसके अलावा सरपंच जीत राम पटेल, राजू दीवान, छबिंद्र पटेल एवं बुधराम पटेल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन साहू (लाफिन महासमुंद) द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 ( प्रायोजक ईश्वर पटेल), द्वितीय 8,001 (खेमराज पटेल), तृतीय 5,001 (सुषमा राकेश टंडन), चतुर्थ 4,001 (बुधराम पटेल), पंचम 3,001 (महाकाल इलेवन क्रिकेट टीम), षष्ठम पुरस्कार 2,001 रुपए (प्रायोजकः छबिंद्र पटेल) दिया जाएगा। आयोजकों ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के सभी नृत्य दलों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लोक संस्कृति के संरक्षण में योगदान देने की अपील की है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता सद्भावना दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर एवं जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता सद्भावना दौड़ का आयोजन विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद के कर कमल से सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर हुआ। पश्चात सांसद द्वारा नशामुक्ति पर शपथ ग्रहण उपस्थित स्काउट्स-गाइड्स, स्काउटर गाइडर, नागरिकों को कराया गया। तत्पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह चौक से स्काउट्स गाइड्स, स्काउटर गाइडर, पदाधिकारीगण एवं नागरिकगण को हरी झंडी दिखाकर दौड़ के लिए रवाना किया। इस अवसर पर डॉक्टर खुशबू अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत बसना, सतीश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता, रमेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, डॉक्टर एन के अग्रवाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान विधानसभा प्रभारी, नरेंद्र यादव अध्यक्ष भाजपा मंडल बसना, सरोज पटेल महामंत्री



मंडल बसना, नरहरि पोर्ते मंडल अध्यक्ष गढ़फुलझर, अमृत चौधरी कोषाध्यक्ष मंडल बसना, अनिल अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष बसना, जसवंत सिंह सलूजा पूर्व अध्यक्ष विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना, शीत गुप्ता अध्यक्ष विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना, उपाध्यक्षगण मोहित पटेल, डॉक्टर अरुणा अग्रवाल, लोचना गिरीश गजेंद्र, डॉ गजानन अग्रवाल आजीवन सदस्य, महेंद्र सिंह अरोरा पार्षद एवं आजीवन सदस्य, विजय पटेल भाजपा कार्यकर्ता, बद्री विशाल जोल्हे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहा. जिला आयुक्त स्काउट, अनिल सिंह साव बीआरसीसी, खिरोद पुरोहित प्राचार्य सेजेस बसना, बलदेव मिश्रा प्राचार्य शासकीय उमावि कुडेकेल, राजेश दुबे प्रधानपाठक कान्वेंट स्कूल बसना, विवेकानंद दास सचिव स्थानीय संघ, गिरीश गजेंद्र, गजानन भोई, नंद कुमार ध्रुव, विजय सिंह राजपूत, प्रेमचंद साव, ललित भार, रेखराम पटेल, टेकलाल पटेल, वारिश कुमार, गजेंद्र नायक, हीराधार साव, राजेश साहू, शरण दास तथा सेजेस बसना एवं उमावि कुडेकेल के स्काउट्स- गाइड्स तथा छात्रों का योगदान रहा।

# नवीन विस भवन के पट्टिका से नेता प्रतिपक्ष का नाम नहीं होने पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा का लोकार्पण पट्टिका से नाम हटाना राज्य सरकार की कुंठित राजनैतिक मानसिकता का परिचायक है। सरकार का ऐसा कार्य विपक्षी पार्टी के प्रति संकीर्ण सोच व उनकी दूषित मानसिकता का प्रमाण है। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग ने कहा है कि पूर्व के शासन काल से यह परंपरा रही है कि बड़े शासकीय भवनों का



लोकार्पण भूमिपूजन कार्यो में भारत सरकार के महामहिम व देश के मुखिया की उपस्थिति में कार्यो की पट्टिका में सम्मान के साथ विपक्ष के नेता का उल्लेख होता है। हाल ही में लोकार्पित नवीन विधानसभा भवन के पट्टिका में नेता प्रतिपक्ष का नाम ना होना राज्य सरकार के विपक्षी पार्टी के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैयों को दर्शाता है, जो लोकतांत्रिक प्रणाली में बेहद निंदनीय है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि ने आगे कहा कि पूर्व की सरकार ने जब नवीन विधानसभा भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में तत्कालीन विपक्ष के नेता कौशिक का नाम सम्मान के साथ पट्टिका में अंकित किया, जो उस समय के कांग्रेस सरकार की, विकास में सब की भागीदारी वाले सोच को दर्शाती थी। उन्होंने आगे कहा कि आज भाजपा की सरकार ने लोकार्पण पट्टिका में नाम अंकित ना कर परंपरा मर्यादा शालीनता तीनो को दरकिनार किया है। महिलांग ने आगे कहा कि कांग्रेस ने समावेश विकास कार्यो में सबकी हिस्सेदारी व भाजपा ने राग विद्वेष की राजनीति प्रारंभ की जो पूर्णतः गलत है।



## खबर संक्षेप



### कोडार खल्लारी मंदिर में आंवला पूजा कल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर परिसर कोडारबांध में आंवला पूजा पर्व का आयोजन किया गया है। 5 नवंबर को सुबह 10 बजे पूजा से प्रारंभ होगी व दोपहर 12 बजे से आंवला भात प्रसादी वितरण होगा। यह आयोजन विगत 20 वर्षों से निरंतर जन सहयोग से होते आ रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर, सचिव हर्ष शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव व सभी पदाधिकारियों ने अधिक संख्या में पधारकर कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### कारागुला में कार्तिक पूर्णिमा पूजन आज

**नर्रा।** प्रति वर्ष के भांति इस बार भी जय अंबे सुआ पार्टी कार्तिक पूर्णिमा उत्सव ग्राम कारागुला के तत्वावधान में कार्तिक मास के वैकुंठ चतुर्दशी कार्तिक पूर्णिमा व आंवला पूजन 4 नवंबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि में छतीसगढ़ी नाच कार्यक्रम नरतोरी मुनगासेर का कार्यक्रम होगा।

### परीक्षा फार्म का वितरण आज

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक शासकीय आदर्श उमावि में 04 नवंबर को शैक्षणिक सत्र 2025-26 कक्षा 10वी व 12वी की परीक्षा फार्म एवं कक्षा 9वी व 11वी चेक लिस्ट का वितरण जिला समन्वय केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मा. शासकीय आदर्श उमावि में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती पर्व पर साहित्य समिति आस्था के संयोजन में छत्तीसगढ़ी काव्यगोष्ठी का आयोजन 05 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे किया गया है। यह कार्यक्रम स्थानीय जगत विहार कालोनी स्थित शिक्षाविद केआर चंद्राकर के निवास गंगा विला में होगा। काव्यगोष्ठी में आनंद पौराणिक, एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, एसआर बंजारे, सरिता तिवारी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, बंधु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन व उत्तरा विदानी कविता पाठ करेंगे। गोष्ठी का संचालन एस चंद्रसेन करेंगी।

### अछरीडीह में रुद्राभिषेक एवं भंडारा कल

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह के कोडार नदी किनारे स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर एक दिवसीय रुद्राभिषेक एवम भंडारा का आयोजन रखा गया हैं। 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे पंडित सुनील तिवारी द्वारा विधि विधान से रुद्राभिषेक से शुभारंभ किया जाएगा। श्रद्धालुओं द्वारा ओम नमः शिवाय व हरहर महादेव के जयकारे करते हुए नदी से जल अर्पित कर अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 3 बजे पूजा पाठ विधि से सामुहिक जल अभिषेक किया जाएगा। महाआरती के बाद भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक आकाश निषाद ने सभी भक्तों को रुद्राभिषेक और भंडारा में उपस्थित होने की अपील की है। इस कार्य को लेकर यंग स्टार समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### संतोष स्वामी



**महासमुंद।** स्थानीय बेलदार पारा निवासी संतोष स्वामी (55) का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र स्वामी के छोटे भाई एवं कामिनी स्वामी के पति तथा प्रेणा व दिव्यांशी स्वामी के पिता थे।

## आयोजन : बीएलओ एवं बीएलए का प्रशिक्षण पहुंचे कलेक्टर विनय लंगेह

# अधिकारी एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अनुक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशन अनुसार जिले में प्रथम पाली में बीएलओ एवं द्वितीय पाली में बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रथम पाली में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इसी तरह सभी अनुविभागीय कार्यालयों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रशिक्षण का निरीक्षण करने तथा बीएलओ द्वारा उठाए जाने वाले सभी प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मास्टर ट्रेनर एवं हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रलेखन सहित फोटोग्राफ संधारित रखी जाएगी, जिसे पुनरीक्षण कार्य की निगरानी एवं मूल्यांकन में उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अनुरूप महासमुंद जिले में भी सभी मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा।

उन्होंने सभी बूथ लेवल ऑफिसर को सत्यापन कार्य को अत्यंत गंभीरता और निर्देशों के अनुरूप पूर्ण करने कहा है। किसी भी स्थिति में गलत प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी बिंदु पर संदेह होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी एवं मार्गदर्शन लें। सभी अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप 3 नवंबर तक प्रशिक्षण कार्य, 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सत्यापन, 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज किया जाएगा। 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

# विधायक ने जिला अस्पताल में किया नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में सोमवार को नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण किया। साथ ही विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। साथ ही ओपीडी काउंटर में आए हुए मरीजों से बातचीत की और अस्पताल प्रबंधन को गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से ओपीडी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।

सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भाजपा नेताओं के साथ सुबह करीब 11 बजे खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल पहुंचे। फिर सभी से चर्चा कर उनका हालचाल जाना। उनके परिजनों से भी बातचीत कर अस्पताल में दिए जा रहे इलाज एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

**यह रहे उपस्थित**

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, तेजेंद्र शर्मा, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेतागण संदीप घोष, शोभा शर्मा, गौकरण साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, राजू साहू, शरद राव, सुमित जैन, रामेश्वर पटवा, आकाश पांडे, नईम खान, कादर राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।




**नर्रा।** राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से किया जाना है। इसकी तैयारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी नर्रा और सहकारी समिति परसुली में फड़ की साफ सफाई चल रही है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव से पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की अतिआवश्यक बैठक भिलाई कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव से पारित हुआ। सभी जिलों के अध्यक्ष व सचिव को अपने-अपने जिलों में क्लब गठन एवं हैंडबॉल खेल को प्रचार प्रसार कर ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता प्रारंभ करने की बात कही गई।

पुरुष सीनियर हैंडबॉल छत्तीसगढ़ टीम गठन के लिए सेक्टर 4 भिलाई में चयन प्रक्रिया आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 52 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। चयन प्रक्रिया के पश्चात छत्तीसगढ़ पुरुष सीनियर हैंडबॉल टीम का गठन किया गया, जिसका कोचिंग कैंप एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिसंबर में कोलकाता आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की बैठक एवं चयन प्रक्रिया में विशेष रूप से बशीर अहमद खान महासचिव भारतीय फेंसिंग संघ, समीर खान महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ, एम सुरेश कुमार अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक हैंडबॉल कोच, बीडी करुपति, एनएस आनंद कुमार, सैयद इमरान अली, विजय बहादुर, एम प्रभास, रामप्रताप सिंह, राजेश सरकार, जय सिंह, मोहम्मद गनी, सुमित सिंह, हेमा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**तेंदूकोना।** कोरबा में आयोजित 25वीं राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता वाटर पोलो में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना के छात्र अरुण चक्रधारी का चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं, जो आगामी माह दिल्ली में आयोजित होंगी। इसके अलावा वाटर पोलो राज्य स्पर्धा के लिए अनिल नायक का भी चयन हुआ था। विद्यालय की छात्रा एवन ठाकुर ने भी कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय बॉलीबाल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। इसकी जानकारी विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी वसुधा बारले ने दी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सोनसिंह दीवान, विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षा मेनका साहू, समिति के सदस्यों व विद्यालय के शिक्षक शिक्षीकाओं व स्टॉफ ने हर्ष जताया है।





### सीतापुर में हरि कीर्तन का आयोजन, श्रद्धा और भक्ति में डूबे ग्रामीण



**बसना।** सीतापुर में रविवार को हरि कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान विशेष रूप से पहुँचे और उन्होंने भी भगवान के भजन कीर्तन में भाग लिया। ग्राम के भक्तजनों ने यशगान प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कीर्तन स्थल पर "हरि नाम संकीर्तन" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक भजन, कीर्तन और आरती में लीन रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आध्यात्मिकता और एकता का संदेश फैलता है।

## श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के लाभ के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं आय प्रमाण पत्र साथ लाएं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों में मुनादी कराएं, ताकि सभी श्रमिकों को इस कैंप की जानकारी दी जा सके।

मोबाइल कैंप का आयोजन जिले में 4 नवंबर से 17 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड में 04 नवंबर को ग्राम बोरियाझर में, 07 नवंबर एवं 12 नवंबर को ग्राम कोसरंगी एवं 17 नवंबर को झालखम्हरिया में मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 04 नवंबर को ग्राम बढ़ाईपाली में, 10 नवंबर को ग्राम कुम्हारीमुड़ा एवं 13 नवंबर को ग्राम सुखीपाली में, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 06 नवंबर को ग्राम कुसमी में, 12 नवंबर को कलसीदादर एवं 14 नवंबर को जुनवानी खुर्द में कैंप का आयोजन होगा। इसी प्रकार बसना विकासखंड अंतर्गत 06 नवंबर को ग्राम जमड़ी में, 11 नवंबर को ग्राम गनेकेरा एवं 14 नवंबर को ग्राम इंद्रपुर में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 07 नवंबर को ग्राम नवरंगपुर में, 10 एवं 13 नवंबर को पाटसेंद्री एवं 17 नवंबर को ग्राम जलपुर में श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा।



### चैंबर ऑफ कॉमर्स का हुआ विस्तार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ईकाई परिवार का विस्तार हुआ। जिसमें 51 नए सदस्य बनाए गए, जिसका फॉर्म प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष जसप्रीत सलूजा संभाग प्रभारी को सौंपा गया। अध्यक्ष द्वारा महासमुंद टीम को बधाई देते हुए आगे भी अधिक से अधिक नए सदस्य बने का लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश मंत्री बसंत लूनिया, मेहूल सूचक, उपाध्यक्ष ताराचंद चांडक, दिलीप कृष्णानी, कोषाध्यक्ष रवि राठी, सचिव मोहित इसरानी आदि मौजूद रहे।

## पीएम आवास हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप



समीपस्थ ग्राम लखनपुर के उपसरपंच कमल कौशिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत लखनपुर में वर्ष 2016-17 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 383 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से अब तक 246 आवास पूर्ण हो चुका है और 137 आवास अभी प्रगति पर है। बचे हुए पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 सर्वे के माध्यम से सर्वे सूची में नाम जोड़ा गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 मार्च और 1 नवंबर को 2024-25 में पूर्ण हुए सभी आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। जिसमें ग्राम सरपंच खेमिन चोवाराम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, सचिव संतोष पटेल, देवकी भुखू जोशी पंच, पुरानिक साहू, बिंदा तेजनप्रसाद जोशी, वीरसिंग निषाद, कौशिल्या दशरथ धीवर, तारा नीलकंठ हिरवानी, भेखराम बघेल, सीमा नरेंद्र कौशिक, कांति रोशन साहू एवं आवास मित्र यादराम धीवर, ग्राम के बुजुर्ग एवं सभी ग्रामीणों ने मिलकर हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## इंसानियत व भाईचारे की प्रेरणा देती है गुरुनानक का संदेश : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में धन-धन गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर आयोजित लंगर सेवा कार्यक्रम में नगर पलिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने गुरु नानक देव के समक्ष मत्था टेकर शहरवासियों की खुशहाली व समाज में भाईचारे की प्रार्थना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया तथा स्वयं प्रसाद ग्रहण गुरु का आशीर्वाद लिया। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि गुरुनानक देव ने अपने जीवन से मानवता को प्रेम, समानता और सेवा का अमर संदेश दिया है। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव का विरोध किया और यह संदेश दिया कि ईश्वर एक है और सभी प्राणियों में वास करता है। गुरु का जीवन सादगी, करुणा और सत्य की मिसाल है। आज के दौर में उनके सिद्धांतों को अपनाना समाज में एकता, भाईचारे और शांति की स्थापना के लिए अत्यंत आवश्यक है। गुरु नानक देव का संदेश एक ओंकार और सर्वश्रेष्ठ सेवा हमें इंसानियत, प्रेम और भाईचारे की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर मत्था टेककर अरदास की और संगत को पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर मिंदर चावला, भरत ठाकुर, राजू साहू, सत्ते चावला आदि उपस्थित रहे।







